संख्या-106/2022/924ई/23-11-2022/004-1-1-37-2019

प्रेषक,

राजेश कुमार अग्रवाल,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 03 अगस्त, 2022**

विषयः-वित्तीय वर्ष 2022-23 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को 02 लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1),लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-320/CE-HQ1/BLKMUKH/KNP/2022-23, दिनांक 13-07-2022, पत्र संख्या-347/CE-HQ1/BLKMUKH/MIR/2022-23, दिनांक 18-07-2022, पत्र संख्या-383/CE-HQ1/BLKMUKH/KNP/2022-23, दिनांक 22-07-2022, पत्र संख्या-384/CE-HQ1/BLKMUKH/VNS/2022-23, दिनांक 22-07-2022, पत्र संख्या-385/CE-HQ1/BLKMUKH/GON/2022-23, दिनांक 22-07-2022, पत्र संख्या-588/CE-HQ1/BLKMUKH/ALI/2022-23, दिनांक 26-07-2022 एवं पत्र संख्या-589/CE-HQ1/BLKMUKH/GON/2022-23, दिनांक 26-07-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को 02 लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 08 चालू कार्य पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 2580.57 लाख (रू0 पच्चीस करोड़ अस्सी लाख सत्तावन हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/ बचत के उपरान्त लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	नि0ख0-1 कानपुर देहात	जनपद कानपुर में विकास खण्ड मलासा को दो लेन चौड़े मार्ग से जोड़े जाने हेतु देवीपुर कैलई बरौर बलिहारपुर मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 6.00 कि0मी0)।	1314.69/1288.37	986.01	237.94
2	प्रा0ख0 मीरजापुर	जनपद मीरजापुर में लालगंज गैपुरा रामपुरघाट मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 13.00 कि0मी0)।	2461.76/2229.04	450.00	557.26
3	नि0ख0-1 कन्नौज	जनपद कन्नौज में छिबरामऊ तहसील मुख्यालय के जोड़ने वाला मार्ग छिबरामऊ विशुनगढ़ मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 9.585 कि0मी0)।	2465.53/2130.27	866.38	532.57
4	प्रा0ख0 गाजीपुर	जनपद गाजीपुर में ब्लाक मुख्यालय मनिहारी को दो लेन से जोड़ने हेतु गाजीपुर-शादियाबाद-बहरियाबाद के कि0मी0 18 से 24 तक (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण का कार्य (लम्बाई 6.00 कि0मी0)।	378.86/376.68	278.86	75.00
5	नि0ख0-2 गोण्डा	जनपद गोण्डा के बेलसर ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने हेतु आजादनगर दुर्जनपुर हिलालपुर भिखनापुर मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 8.20 कि0मी0)।	1490.00/1489.05	1167.50	321.55
6	नि0ख0-2 गोण्डा	जनपद गोण्डा में इटियाथोक ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने हेतु इटियाथोक खरगूपुर मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 10.00 कि0मी0)।	2479.57/2478.52	2355.88	122.64
7	प्रा0ख0 हाथरस	जनपद हाथरस में ब्लाक हसायन को 02 लेन चौडे मार्ग से जोड़ने वाले मार्ग पी0बी0 मार्ग कि0मी0, 200 से रति का नगला हसायन गड़ौला मार्ग पर ब्लाक हसायन तक (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य (लम्बाई 5.90 कि0मी0)।	742.39/741.79	391.20	350.59
8	प्रा0ख0 श्रावस्ती	जनपद श्रावस्ती में जमुनहा तहसील को जोड़ने हेतु तिलकपुर-मधवापुर घाट मल्हीपुर मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 17.40 कि0मी0)।	3995.23/3963.63	3580.61	383.02
		योगः-			**2580.57**

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 25,80,57,000 (रू0 पच्चीस करोड़ अस्सी लाख सत्तावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371348 पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को दो लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण चालू कार्य मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
संयुक्त सचिव।

संख्या-106/2022/924ई(1)/23-11-2022/004-1-1-37-2019, **तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in